मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग

2673. **श्री केशव प्रसाद शुक्ल :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीय परिवहन समिति ने वर्ष 1988 में मध्य प्रदेश के विद्यमान मार्गों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने की सिफारिश की थी

(ख) क्या सरकार को इन प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्गों के संबंध में मध्य देश सरकार से 1985 में अपेक्षित जानकारी प्राप्त हो गई थी ; और

(ग) यदि हां, तो सरकार इन सड़कों को कब तक राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने का विचार रखती है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री राजश पायलट) : (क) और (ख) जी, हां ।

(ग) 8 सड़कों में से जयपुर-कोटा-बियाओरा सड़क को पहले ही राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित किया जा चुका है और सरकार कुछ अन्य सड़कों को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने के प्रश्न की जांच कर रही है ।

2674. [Transferred to the 7th December, 1987].

डी० टी० सी० दैनिक औसत आय

2675. **श्री दिनकरराव गोविन्दराव पाटिल : क्या जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) दिल्ली परिवहन निगम को रूट नं० 436, 513, 522, 526, 548, 520, 508, 581 और 974 पर चलने वाली बसों से प्रतिदिन औसतन कितनी आय होती है ;

(ख) क्या यह सच है कि ऊपर उल्लिखित रूटों पर यातायात भार निरन्तर बढ़ रहा है ;

(ग) क्या सरकार इन रूटों पर चलने वाली बसों की संख्या में वृद्धि करने का विचार रखती है, और यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है, और

(घ) यदि उपर्युक्त भाग (ख) और (ग) का उत्तर "ना" हो तो इसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजश पायलट) : (क) इन रूटों के संदर्भ में औसत दैनिक आय निम्नलिखित है :—

क्रम सं०	रूट नं०	अक्तूबर, 87 के दौरान प्रतिदिन की औसत आय रुपए में
1.	436	1326
2.	513	1504
3.	522	3574
4.	526	3009
5.	548	2094
6.	520	7238
7	508	1395
8.	581	1170
9.	974	1805

(ख) से (घ) दिल्ली भर के ट्रैफिक में सामान्यतः वृद्धि हुई है । दिल्ली परिवहन निगम द्वारा सतत आधार पर क्षेत्रों के लोडिंग सर्वेक्षण किए जाते हैं और अपर्याप्त सेवाओं तथा परिचालन संबंधी कमियां होने पर उपलब्ध संसाधनों के भीतर ही सेवाओं को बढ़ाया जाता है तथा कमियों को दूर किया जाता है ।

मूल चन्द अस्पताल के निकट सेंट्रल स्कूल के बस स्टाप पर डी० टी० सी० बसों का नहीं रोका जाना

2676. **श्री दिनकरराव गोविन्दराव पाटिल :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि डी० टी० सी० की अधिकांश बस जार्ज टीटो मार्ग पर

मूल चन्द अस्पताल के निकट सैन्ट्रल स्कूल के बस स्टाप पर नहीं रुकती हैं, जिसके परिणामस्वरूप मदनगीर, पुष्प विहार, खानपुर और अम्बेडकर टर्मिनल जाने वाले यात्रियों को अत्यधिक कष्ट होता है ;

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार इन यात्रियों की सुविधा के लिय अम्बेडकर नगर बस टर्मिनल और मूल चन्द अस्पताल "ा" सैन्ट्रल स्कूल के बीच रूट नं० 419 अथवा 522 पर शटल सेवा प्रारम्भ करने का विचार रखती है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त भाग (ख) का उत्तर "ना" हो तो इसके क्या कारण हैं ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) (क) : जी, नहीं । यह एक हेवी लोडिंग/बोर्डिंग पाइंट है और मदनगीर, पुष्प विहार, खानपुर और डा० अम्बेडकर नगर टर्मिनल को जाने वाली बस वहां रुकती हैं ।

(ख) रूट सं० 522 पर इस स्थान से डा० अम्बेडकर नगर बस टर्मिनल के लिए 1-12-1987 अपराह्न से शिफ्ट में एक नई शटल सेवा शुरू की गई है ।

(ग) प्रश्न नहीं होता ।

Over crowding in Deluxe buses run by DTC

2677. SHRI KAPIL VERMA; Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether Government are aware that Deluxe buses both of the Delhi Transport Corporation and the private buses under DTC operation plying on long and busy routes are terribly overcrowded during the peak hours; ,

(b) whether allowing of student passes in these buses is one of causes for such overcrowding throughout the day; and

(c) whether Government Propose to put more buses on these busy routes to make travelling comfortable for the hurried commuters?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI RAJESH PILOT); (a) No overcrowding has been reported in Deluxe buses, except for certain instances during peak hours.

(b> No Sir.

(c) Additional buses are deployed on routes, wherever inadequacy is felt on the basis of traffic surveys.

Coach Repairing shop at Tirupati

2678. SHRI TALARI MANOHAR: Will the Minister of RAILWAYS be pleased to state

(a) what is the progress made so far regarding the construction of coach repair shop in Tirupati; and

(b) whether there is any delay in completion, if so, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF RAILWAYS (SHRI MADHAVRAO SCINDIA): (a) The construction work on major group of shop is ncaring completion. Construction work on ancillary facilities like. Roads. Water Supply arrangements and Staff Quarters etc. are in various stages of progress. The workshop has started functioning.

(b) No, Sir. Does not arise. Guntur and

Kurnool Byepuss Roads

2679. SHRI TALARI MANOHAR: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) whether it is a fact that Government of Andhra Pradesh has sent estimates totalling Rs. 3.81 crore for imporving Guntur and Kurnool bye-Pass highway which are in very bad shape; and